# डिफेन्स कॉरिडोर : 15 इकाइयों को मिली जमीन, भारत डायनामिक्स की बिल्डिंग भी लेने लगी आकार

- योगी सरकार ने बजट में किया 461 करोड़ रुपए का प्राविधान
- बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे से लिंक होने पर काम में आएगी तेजी

**झाँसी** : सूखे से अभिशाप्त बुन्देलखण्ड को नई पहचान देने के लिए 4 वर्ष पहले डिफेन्स कॉरिडोर के रूप में दिखाया गया सपना अब पूरा होने के संकेत देने लगा है। गोला, बारूद, मिसाइल बनाने वाली कम्पनि भारत डायनमिक्स के साथ यहाँ 15 और बड़ी कम्पनि को जमीन का आवण्टन किया गया है, जबकि कई और कम्पनि से वार्ता चल रही है। योगी सरकार ने बजट में 461 करोड़ रुपए का प्राविधान कर बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे से लिंक करने का रास्ता साफ कर दिया है, जिससे अब यहाँ के काम में तेजी आने की सम्भावना है।

सरकार द्वारा झाँसी के छोर पर डिफेन्स कॉरिडोर को आकार दिया जा रहा है। इस कॉरिडोर की घोषणा वर्ष 2018 में हुई थी, जिसके बाद जमीन अधिग्रहण की कार्यवाही की गई। 1,034 हेक्टेयर जमीन पर बनने वाले डिफेन्स कॉरिडोर में जमीन आवण्टन की प्रक्रिया भी तेज हो गई है। अब तक 15 इकाइयों के लिए जमीन आवण्टित की जा रही है, जबकि कई अन्य कम्पनियों से वार्ता चल रही है।

वहीं, भारत डायनामिक्स लिमिटेड ने यहाँ बिल्डिंग बनाने का काम कराया जा रहा है। कम्पनि द्वारा झाँसी नोड में 400 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। इस कम्पनि को 183 हेक्टेयर जमीन आवण्टित की गई है। मार्च 2023 कम्पनि ने बिल्डिंग का निर्माण कराने की तैयारी कर ली थी, जिस पर 130 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इसका ठेका झाँसी की ही एक फर्म को दिया गया है।

कम्पनि की बिल्डिंग आकार लेने लगी है। अब योगी सरकार ने बजट में 461 करोड़ का प्राविधान किया है। इससे डिफेन्स कॉरिडोर को बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जाएगा।

## प्रधानमन्त्री ने सवा साल पहले किया था शिलान्यास

वीरांगना लक्ष्मीबाई की जयन्ती पर 19 नवम्बर 2021 को झाँसी में राष्ट्र रक्षा समर्पण पर्व मनाया गया था। इस कार्यक्रम में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी शामिल हुए थे। दुर्ग की तलहटी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमन्त्री ने भारत डायनामिक्स लिमिटेड का शिलान्यास किया था। लगभग सवा साल बाद कम्पनि ने बिल्डिंग की बुनियाद रखी, जो अब आकार लेने लगी है। डिफेंस कॉरिडोर में फैक्ट्री का निर्माण करने वाली यह पहली कम्पनि होगी।


## 5 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भारत डायनामिक्स लिमिटेड द्वारा झाँसी में 400 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। इसकी बिल्डिंग पर ही 130 करोड़ रुपए खर्च होंगे। शेष धनराशि से गोला बारूद व मिसाइल बनाने के उपकरणों की खरीद की जाएगी। भारत डायनामिक्स लिमिटेड कम्पनि देश की रक्षा के लिए मिसाइल का निर्माण करेगी तो बेरोज्गारों के लिए रोजगार के अवसर भी देगी। कम्पनि द्वारा झाँसी में स्थापित की जाने वाली यूनिट से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से 5 हजार लोगों को रोजगार मिल सकेगा।

## इन इकाइयों को मिली जमीन

मुरारी एजिनियरिंग, लोरेनको डिफेन्स प्राइवेट लिमिटेड, स्वर्ण इन्फ्राटेल प्राइवेट लिमिटेड, डब्लूबी इलेक्ट्रॉनिक्स इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड, सदाशिव शक्ति डिफेन्स प्राइवेट लिमिटेड, फैरेट्री इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड, ग्लोबल एजिनियर्स लिमिटेड, ग्लोबल टैक्नोक्राट्स लिमिटेड, नवभारत डिफेन्स सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, डब्लूटीएफ एजिनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड, एविग्वे टैक्नो लॉजिस्ट प्राइवेट लिमिटेड, नेस्टस्टार्ट टैक विजन, विजयन त्रिशूल डिफेन्स सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड, ज्योमा सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड।

### इन्होंने कहा



'डिफेन्स कॉरिडोर में भारत डायनामिक्स लिमिटेड द्वारा फैक्ट्री बनाने का काम कराया जा रहा है, जबकि 15 अन्य कम्पनि को भी जमीन का आवण्टन किया गया है। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे से लिंक होने पर यह परियोजना तेजी पकड़ेगी। इससे बुन्देलखण्ड में रोजगार की समस्या का भी समाधान होगा।'

**मनीष चौधरी**
आयुक्त उद्योग, झाँसी